RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 28 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 216 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## लोकसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर चर्चा

### सहयोगी पार्टियों से बातचीत बाकी- फडणवीस

*महाराष्ट्र के 48 सीटों में 26 पर भाजपा के चुनाव लड़ने की बात कहने के बाद राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अब सीट बंटवारे पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सहयोगी पार्टियों के साथ चर्चा के बाद 2024 के लोक सभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बात की जाएगी।*



**सीट बंटवारे पर फडणवीस ने कही ये बात**

सीट बंटवारे के फॉर्मूले के आधार पर फडणवीस ने कहा कि संबंधित पार्टियों को उनके निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ना जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ‘सहयोगी पार्टियों के साथ बातचीत अभी बाकी है और विचार- विमर्श के बाद ही फैसला लिया जाएगा। फॉमूर्ला के आधार पर सीटें उन्हीं पार्टियों को दी जाएगी, जिसने पहले भी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं।’उन्होंने कहा कि सीट बंटवारा फॉमूर्ला स्थिर नहीं है, इसमें बदलाव किया जाएगा और सहयोगी पार्टियों के साथ चर्चा भी होगी। 2019 लोक सभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने 41 सीटों से चुनाव लड़े थे, जिसमें से भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 में जीत मिली थी। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार उन किसानों की मदद करेगी जिनका फसल बेमौसम बारिश की वजह से खराब हो गया था। प्रभावित क्षेत्रों के कलेक्टर पहले क्षतिग्रस्त फसलों का रिपोर्ट भेजे, जिसके बाद सरकार किसानों की मदद करेगी।

## महाराष्ट्र में चाकू से हमले में किसान घायल

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए हुआ हमला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के सिल्लोड शहर में सोमवार को चाकू से किए गए अज्ञात व्यक्ति के हमले में एक किसान घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। किसान की पहचान महेश शंकरपेल्ली के रूप में हुई है। शंकरपेल्ली ने कहा कि वह हमलावर को नहीं जानता, हालांकि उसने दावा किया कि पिछले महीने उसपर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री एवं शिवसेना नेता अब्दुल सत्तार के समर्थकों ने हमला किया था। शंकरपेल्ली ने सुबह की सैर के दौरान हुई इस घटना के बाद पुलिस सुरक्षा की मांग की है। हमले से बचने की कोशिश करते समय शंकरपेल्ली के



बाएं हाथ में चोट लग गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सिल्लोड थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (जानबूझकर खतरनाक हथियारों या साधनों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शंकरपेल्ली क्षेत्र से कांग्रेस विधायक के रिश्तेदार हैं, जो सत्तार के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। सत्तार 2019 में कांग्रेस छोड़ने के बाद शिवसेना (अविभाजित) में शामिल हो गए थे। वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के करीबी हैं। शंकरपेल्ली ने एक वीडियो संदेश में दावा किया, ‘मुझे नहीं पता कि इस हमले के पीछे किसका हाथ है। लेकिन पिछले महीने मंत्री अब्दुल सत्तार और उनके निजी सहायक के समर्थकों ने मुझ पर हमला किया था और मुझे नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। चूंकि मैं सिल्लोड में शिकायत दर्ज करके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहा हूं, इसलिए मुझ पर हमले किये जा रहे हैं और मामले लादे जा रहे हैं।’ उल्लेखनीय है कि सिल्लोड अल्पसंख्यक विकास एवं औकाफ मंत्री सत्तार का विधानसभा क्षेत्र है।

## शिंदे ने बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का पंचनामा करने का दिया आदेश



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को संबंधित जिला कलेक्टरों और अधिकारियों को पिछले 24 घंटों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई फसलों के नुकसान का आकलन करने और इसका ‘पंचनामा’ करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

शिंदे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य के कई जिलों में खड़ी फसलों को तेज हवाओं और ओलावृष्टि के कारण नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों की है। सरकार उनके साथ खड़ी है। हमने स्थिति का जायजा लिया है और मैंने बिना देरी किए पंचनामा करने और राज्य सरकार को भेजने का निर्देश दिया है।

बेमौसम बारिश के कारण राज्य के नंदुरबार, नासिक, जलगांव, अहमदनगर, छत्रपति संभाजीनगर, जालना, हिंगोली, नादेड़, बीड, परभणी जिलों और विदर्भ क्षेत्र में भारी तबाही हुई है। मौसम विभाग ने इन जिलों में अगले 48 घंटों में और ज्यादा बारिश होने का अनुमान लगाया है।

## मुंबई में नौ साल साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार, 11 दिनों से थी तलाश

**मुंबई :** मुंबई में 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म के 11 दिन पुराने मामले में वांछित मिजार्पुर जिले के कछवा थाना के बारीपुर बरैनी निवासी विशाल कन्नौजिया को शनिवार को कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-9 की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। दुष्कर्म के




आरोपी विशाल की गिरफ्तारी यूपी-एसटीएफ की वाराणसी इकाई और महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर, वसई-विरार की क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा की गई है। दुष्कर्म का आरोपी विशाल अपने भाई व पिता के साथ मुंबई में रहता था और कंप्यूटर पार्ट्स की डिलीवरी का काम करता था। आरोप है कि बीते 14 नवंबर को रास्ते में सुनसान जगह पर 9 वर्षीय बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ विशाल ने दुष्कर्म किया और फिर वहां से भाग गया था। यूपी-एसटीएफ की वाराणसी इकाई के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुंबई में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी विशाल मिजार्पुर और वाराणसी में अलग-अलग जगह छुप कर रह रहा है। सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से शनिवार की सुबह उसे गिरफ्तार कर कैंट थाने की पुलिस को सौंपा गया है।

## पुरानी दुश्मनी में पाजामे की डोरी से गला घोंटकर की हत्या, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में पुरानी दुश्मनी के चलते एक ठेला चालक की हत्या कर दी गई. ठेला चालक की कथित तौर पर पाजामे की डोरी से गला घोंटकर हत्या की गई. ठेला चालक का नाम विजय था. उसको तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पोस्टमार्टम करने पर पता चला कि उसकी मौत गला घोटने से हुई है. वहीं इस पूरे मामले में पुलिस ने ठेला चालक की कथित तौर पर पाजामे की डोरी से गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी.

## बेंगलुरु में क्लास शुरू होने से पहले ही ढह गई स्कूल की इमारत, बाल-बाल बचे बच्चे



**कर्नाटक :** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) की ओर से संचालित एक नर्सरी स्कूल की इमारत सोमवार को क्लास शुरू होने से पहले ही ढह गई। शिवाजीनगर इलाके के पास कुक्स रोड पर स्थित इस इंग्लिश मीडियम नर्सरी स्कूल में 90 बच्चे पढ़ते हैं। हर दिन 70-80 नर्सरी के बच्चे स्कूल आते हैं और अगर स्कूल के समय में इमारत गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जेसीबी मशीनों से मलबा हटाना शुरू कर दिया है।




## संपादकीय / लेख

# सैटेलाइट ब्रॉडबैंड में स्पेक्ट्रम का पेच



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

भारत व्यावसायिक सैटेलाइट ब्रॉडबैंड संचार सुविधा शुरू करने के निकट पहुंच गया है। इस सेवा से देश के सुदूर स्थानों में बड़ी संख्या में रहने वाले लोगों तक इंटरनेट संपर्क आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। भारती समूह समर्थित यूटेलसैट वनवेब ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि उसे व्यावसायिक शुरूआत के लिए सभी आवश्यक मंजूरी (अंतरिक्ष विभाग सहित) मिल गई है। यह निश्चित तौर पर स्वागत योग्य कदम है परंतु, अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए कंपनी को स्पेक्ट्रम के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। इससे भी बड़ी चिंता की बात है कि यह स्पष्ट नहीं है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड या अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाएं देने की योजना बनाने वाली वनवेब सहित अन्य निजी कंपनियों को कब स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराया जाएगा। जो संकेत मिल रहे हैं उनसे तो यही लग रहा है कि स्पेक्ट्रम आवंटन में समय लगेगा क्योंकि वर्तमान में कई विषयों पर तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुई है।

उदाहरण के लिए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) को सबसे पहले यह सिफारिश करनी है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए या एक प्रशासित व्यवस्था से इसका आवंटन किया जाए। ट्राई की सिफारिश के बिना विभिन्न सरकारी विभागों से मिली अनुमति का कोई महत्त्व नहीं रह जाता है। सरकार को ऐसे मामलों में आपसी समन्वय स्थापित कर निर्णय लेना चाहिए ताकि नई तकनीक एवं सेवाओं की शुरूआत से संबंधित नीतियां निर्बाध रूप से क्रियान्वित हो सकें। इस मामले में कंपनियों- भारत एवं विदेशी दोनों ही- को स्पेक्ट्रम देने के तरीके पर सरकार के भीतर स्थिति स्पष्ट नहीं रही है। इस कारण सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम नीति आगे नहीं बढ़ पाई है। स्पेक्ट्रम की नीलामी या प्रशासित प्रक्रिया के अंतर्गत इसके आवंटन पर सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय एवं सहमति नहीं बन पाई है। कई कंपनियां बोली प्रक्रिया के माध्यम से स्पेक्ट्रम की नीलामी के पक्ष में नहीं हैं। वनवेब सहित दूसरी कई इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय चलन एवं अंतरिक्ष संचार में नीलामी प्रक्रिया की गैर-व्यवहार्यता का उद्धरण दिया है और प्रशासित प्रक्रिया के अंतर्गत स्पेक्ट्रम आवंटन का आग्रह किया है। वैश्विक स्तर पर सरकारें नीलामी के माध्यम से उपग्रह संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने से दूर रही हैं। हालांकि, रिलायंस जियो एवं दूसरी ऐसी कंपनियां भी हैं जो सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा की होड़ में हैं। ये कंपनियां नीलामी के पक्ष में हैं और इसके लिए सभी मंचों एवं सेवाओं में अवसर की समानता का तर्क दे रही हैं। किसी भी स्थिति में वर्तमान में इस विषय पर ट्राई की तरफ से जल्द कोई निर्णय आने की गुंजाइश बहुत कम है। पिछले दो महीनों से ट्राई में चेयरमैन का पद रिक्त है। बिना चेयरमैन के ट्राई कोई सिफारिश करने की स्थिति में नहीं होगा।

ट्राई अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यों के संपादन में चेयरमैन के पास सामान्य अधीक्षण एवं निर्देश देने का अधिकार है। सरकार ट्राई के चेयरमैन पद के लिए निजी क्षेत्र से उम्मीदवार की खोज कर रही है जिससे नियुक्ति में और देरी हो सकती है। निजी क्षेत्र से उम्मीदवार लाने के लिए संसद के आगामी सत्र में ट्राई अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता हो सकती है। एक महत्त्वपूर्ण नियामक में शीर्ष पद का लंबे समय तक रिक्त रहना उचित नहीं माना जा सकता परंतु यह ऐसा पहला मामला नहीं है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) भी हाल तक अध्यक्ष के बिना ही कार्य करता रहा है। इसका परिणाम निर्णय लेने में देरी और बाजार के संचालन में बाधा के रूप में सामने आया है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# भिवंडी के रेड लाईट इलाके में महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुस्तकीम खान

**भिवंडी :** भिवंडी के खदान रोड़ स्थित रेड लाईट इलाके के हनुमान टेकड़ी के पास एक वैशियावृित्ति करने वाली महिला के सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतारने वाला फरार आरोपी को भिवंडी पुलिस ने पश्चिम बंगाल के एक रेलवे स्टेशन से ट्रेन बदली के दौरान गिरफ्तार कर लिया है ।भिवंडी के हनुमान टेकड़ी इलाके में 21 नवंबर की रात एक युवक जो कि एक सेक्स वर्कर महिला के साथ रात बिताने आया था।इसी बीच उसका महिला से मामूली बात पर झगड़ा हो गया और गुस्साए युवक ने कमरे में महिला के सिर पर पत्थर से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले ने आज पत्रकार परिषद में बताया कि इस




समय भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कुंभार पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल पर आए हत्या करने वाले युवक के दोस्त को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की तो हत्या के आरोपी के दोस्त ने आरोपी का फोटो और पूरी जानकारी पुलिस को दिया। इस मामले में पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले, सहायक पुलिस आयुक्त दीपक देशमुख, भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महादेव कुंभार, पुलिस निरीक्षक विजयकुमार कदम के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक रवींद्र पाटिल, रामदास कोलते को फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमों को गठन कर लगाया गया था। इसके बाद पता चला कि आरोपी अपने पैतृक गांव भाग गया है। पुलिस उपनिरीक्षक रवींद्र पाटिल, पुलिस कांस्टेबल नितिन नंदीवाले, संजय भोसले तुरंत उसे हिरासत में लेने के लिए रवाना हुए। आरोपी को अपने पैतृक गांव तक पहुंचने के लिए पश्चिम बंगाल के खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन बदलनी पड़ती है। इसलिए जैसे ही आरोपी खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर गीतांजलि एक्सप्रेस से उतरा, पुलिस टीम ने आरोपी आकाश कुमार उर्फ पप्पू देवेंद्र मलिक को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर भिवंडी ले आई और कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे एक दिसंबर तक पुलिस विरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले ने जानकारी दी है कि अपराध की तुरंत जांच कर 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली जांच टीम को पुलिस पुरस्कार देने की सिफारिश की जा रही है।

# राज्य सरकार से सवाल, कहा चुनाव कराने से कतरा रही है सरकार; आदित्य ठाकरे



**मुंबई :** नगरसेवकों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से मुंबई मनपा का कामकाज पिछले डेढ़ साल से प्रशासक के तौर पर राज्य की मिंधे-भाजपा सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। २४ में से ११ वॉर्डों में पूर्णकालिक वॉर्ड अधिकारी नहीं हैं, जबकि १६ वॉर्ड अधिकारी अपनी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सत्ता में शामिल खोके सरकार ने मुंबई मनपा के प्रशासनिक मामलों को बदतर बना दिया है। शिवसेना नेता व युवासेनाप्रमुख आदित्य ठाकरे ने ह्यएक्सह्न (ट्वीट) पर पूछा है कि मिंधे-भाजपा सरकार मुंबई के प्रति इतनी व्रूष्ठर क्यों है?

तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार ने जनसंख्या वृद्धि के कारण प्रशासनिक सुविधा के लिए मुंबई मनपा के वॉर्डों की संख्या २२७ से बढ़ाकर २३६ करने का निर्णय लिया, लेकिन मिंधे सरकार ने सत्ता में आने के बाद इस निर्णय को बदल दिया, इसलिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी सुप्रीम कोर्ट गई। सुप्रीम कोर्ट ने २२७ वॉर्डों के हिसाब से चुनाव कराने पर कोई रोक नहीं लगाई है, लेकिन फिर भी सरकार मुंबई मनपा के चुनाव कराने से कतरा रही है। पालिका में निर्वाचित नगरसेवकों का कार्यकाल ७ मार्च २०२२ को समाप्त हो गया। इसके बाद पिछले डेढ़ साल से मुंबई मनपा में प्रशासक है। इस प्रशासक के माध्यम से घाती सरकार का मनमाना प्रशासन चल रहा है। २०११ में जनगणना के बाद कोरोना काल के कारण जनगणना नहीं कराई गई। इसलिए कुछ सर्वेक्षण संगठनों के अनुमान के अनुसार, तीन प्रतिशत जनसंख्या वृद्धि का अनुमान लगाकर महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान २२७ वॉर्डों की संख्या को बढ़ाकर २३६ करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन मिंधे सरकार द्वारा किए गए कुछ सर्वेक्षणों में यह स्पष्ट हो गया कि वे चुनाव में सफल नहीं होंगे, इसलिए मिंधे सरकार लगातार मुंबई महानगरपालिका के चुनाव से बच रही है।

# दिवा में यात्रियों को जल्द ही मिलेगा होम प्लेटफार्म




**मुंब्राः** दिवा स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेल प्रशासन द्वारा कई कामों को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमें प्लेटफार्म 2 पर कुछ ही दिनों में एस्केलेटर शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही 3 और 4 पर ऊपर एवं नीचे भी एस्केलेटर कुछ ही दिनों में शुरू किया जाएगा। जिसका काम प्रगति पर चल रहा है। इससे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित दिव्यांग यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा।

इसके साथ दिवा में होम प्लेटफार्म का काम भी तेज गति से किया जा रहा है। इस होम प्लेटफार्म के बन जाने से पश्चिम में रहने वाले यात्रियों को फायदा होगा। दिवा स्टेशन मैनेजर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि दिवा स्टेशन पर यहां के यात्रियों की सुविधाओं को लेकर कई विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। आने वाले समय में दिवा स्टेशन का एक नया रंग रूप होगा। जो अभूतपूर्व होगा। उक्त विकास काम मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार गोयल की पहल से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि देश के बहुत सारे स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जोड़ा है। जिसमें दिवा स्टेशन का भी एक नाम है। उससे संबंधित कार्य जोर शोर से शुरू है। बहुत जल्द ही दिवा वासियों और यात्रियों को दिवा स्टेशन का एक नया स्वरूप देखने को मिलेगा।

# शादियों का सीजन शुरू... बेतहाशा बढ़ती महंगाई

**मुंबई :** शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। मगर इस बेतहाशा महंगाई बेटी की डोली पर डोरे डाल चुकी है, जिसके कारण बारात का खर्च २० से ३० प्रतिशत महंगा हो चुका है, जबकि लहंगा-चुनरी से लेकर खान-पान तक सभी कुछ कीमतों की हद पार कर चुके हैं। ऐसे में शादी वाले घर में लोग पूछ रहे हैं कि क्या यही है 'अच्छे दिनों की सरकार?'

गौरतलब है कि चौतरफा बढ़ी महंगाई की चपेट में अब शादी और ब्याह की रस्में भी आ गई हैं। सोने के आभूषणों के दाम आसमान पर पहुंचने के कारण गरीब और मध्यम वर्गों के लिए इसे खरीदना मुश्किल हो रहा है। मध्यम वर्गीय परिवारों को इस साल शादी में डेढ़ से दो लाख रुपए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। संतान की शादी करने वाले माता पिता के सामने कर्ज का संकट पैदा हो गया है। अब तो बर्तन खरीदना भी आसान नहीं लग रहा है। बर्तनों के मूल्य में बढ़ोत्तरी के बाद लोग अपनी लिस्ट को छोटा कर रहे हैं, ताकि कम खर्च में ही बर्तन तो खरीदा जा सके।




# मुंबई में गरमाया मराठी साइन बोर्ड का मुद्दा... डेडलाइन खत्म !

**मुंबईः** बीएमसी ने मुंबई में दुकानों पर मराठी बोर्ड लगाने की आखिरी समय सीमा 28 नवंबर तय कर दी है। इसके बाद दुकानदारों के खिलाफ सीधे कार्रवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दुकानदारों को मराठी में बोर्ड लगाने के लिए दो महीने का समय दिया था। यह समय सीमा 25 नवंबर 2023 को समाप्त हो गई। अब 26 और 27 को पब्लिक हॉलीडे होने के चलते बीएमसी ने 28 नवंबर के बाद कार्रवाई शुरू करने के संकेत दिए हैं। मराठी में बोर्ड न लगाने वाले दुकानदारों को नोटिस देने के साथ ही समय सीमा बढ़ाने की अवधि अब समाप्त हो चुकी है। 28 नवंबर के बाद बीएमसी की टीम जांच के लिए दुकानों का दौरा करेगी। नियम के अनुसार मराठी भाषा में लिखा बोर्ड नहीं पाए जाने पर उन दुकानदारों के खिलाफ सीधे दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**बीएमसी ने शुरू की थी कार्रवाई**

बता दें कि मुंबई में 7 लाख से अधिक दुकानें, होटल और अन्य प्रतिष्ठान हैं। इन्हें 28 नवंबर तक की डेडलाइन दी गई थी। दुकानों पर मराठी बोर्ड की जांच के लिए सभी 24 वॉर्डों में अलग-अलग टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम संबंधित एरिया की दुकानों पर जाकर बोर्ड की जांच करेगी और आवश्यकता के अनुसार कार्रवाई करेगी। बीएमसी ने ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी, जिनके पास मराठी भाषा में बोर्ड नहीं थे। बीएमसी की चेतावनी के बाद 23,436 दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर मराठी भाषा में बोर्ड लगा दिए हैं। वहीं चेतावनी को नजरअंदाज करने वाले करीब 5,217 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि उसके बाद व्यापारी संगठनों ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद बीएमसी ने यह कार्रवाई रोक दी थी ।



**महाराष्ट्र में गरमाई राजनीति**

इसको लेकर महाराष्ट्र की राजनीति तेज हो गई है। मराठी साइन बोर्ड को लेकर सुप्रिया सुले से लेकर नाना पटोले ने सरकार पर हमला बोला है। सुप्रिया सुले का कहना है कि कोई टाइमलाइन दी गई थी, लेकिन यह राज्य के लॉ एंड ऑर्डर की बात है। मैं रोज रोज कहती हूं कि गृह मंत्रालय का काम सिर्फ.ED, CBI या लोगों के घर में छापेमारी और पार्टी तोड़कर सरकार बनाने के लिए नहीं होता बल्कि राज्य का लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने के लिए भी होगा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी याचिका

**दुकानों पर प्रमुखता से मराठी भाषा में बोर्ड लगाने के मामले में व्यापारियों की ओर से दायर याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। इतना ही नहीं कोर्ट ने दो महीने के अंदर मराठी भाषा में बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया था। यह अवधि 25 नवंबर को समाप्त हो गई। बीएमसी ने दुकानदारों को तीन दिन की और मोहलत दी है। बीएमसी के दुकान और प्रतिष्ठान विभाग ने 28 नवंबर के बाद मराठी भाषा में बोर्ड नहीं लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।**

### नहीं दिखा बोर्ड तो लगेगा जुमार्ना!

**फेडरेशन ऑफ रिटेल ट्रेडर्स वेलफेयर असोसिएशन के अध्यक्ष विरेन शाह ने भी दुकानदारों से अपील की है कि लोग अपनी-अपनी दुकानों पर जल्द से जल्द मराठी भाषा के बोर्ड लगवा लें। महाराष्ट्र राज्य के कानून के मुताबिक जांच के दौरान यदि दुकान पर मराठी भाषा में बोर्ड नहीं दिखा तो प्रति कर्मचारी 2000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। यदि किसी दुकान में दस कर्मचारी काम करते हैं और उस दुकान पर मराठी बोर्ड नहीं लगा है, तो उस दुकानदार पर 20000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा।**


## हथियारबंद डकैती, सोने के आभूषण चुराते समय 23 साल की लड़की का अपहरण



**धुलेः** धुले जिले के सकरी में पांच से सात लुटेरों ने चाकू और बंदूक का भय दिखाकर एक 23 वर्षीय लड़की का सोने और चांदी के आभूषणों के साथ अपहरण कर लिया है. इस घटना से जिले में काफी सनसनी फैल गयी है. रिहायशी मकान से युवती के अपहरण से इलाके में भय का माहौल है. सकरी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है. धुले जिले के सकरी शहर में अज्ञात लोगों ने एक घर में डकैती की और 88 हजार 500 रुपये के आभूषण लूटने के बाद एक युवती का अपहरण कर लिया। इस मामले में पुलिस ने कुछ ही घंटों के अंदर छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है. महिला ने बताया कि इस घटना में लुटेरों ने मुंह पर नकाब बांधा था और हिंदी में बात की थी.

सकरी टाउन के नवापुर रोड स्थित सरस्वती कॉलोनी निवासी ज्योत्सना पाटिल (40 वर्ष) और उनकी भतीजी निशा शेवाले टीवी देख रहे थे, तभी उन्होंने अपने दरवाजे पर दस्तक सुनी। जब घर का दरवाजा खोला गया तो छह अज्ञात लोग घर में घुस आए और धारदार हथियार से दोनों को डराया-धमकाया। उनकी अलमारी में रखी सेफ से करीब 88 हजार पांच सौ रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। साथ ही निशा शेवाले ने ज्योत्सना पाटिल के हाथ-पैर बांधकर उसका अपहरण कर लिया और अपने साथ ले गई.

# प्रदूषण के चलते हेमरेज और ब्रेन स्ट्रोक के बढ़ रहे हैं मामले



**मुंबईः** ब्रेन हेमरेज और ब्रेन स्ट्रोक मुंबईकरों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, महानगर में रोजाना औसतन 7 लोग हेमरेज और लगभग 6 लोगों ने स्ट्रोक के चलते अपनी जान गंवाई है। न्यूरो विशेषज्ञों ने मुंबईकरों को अपने दिल के साथ-साथ दिमाग का भी ख्याल रखने की सलाह दी है। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग में दायर की गई आरटीआई याचिका के अनुसार वर्ष 2022 में ब्रेन हेमरेज के कारण 2573 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, जबकि पिछले एक वर्ष में ब्रेन स्ट्रोक आने के चलते 2012 मुंबईकरों को अपनी जिंदगी गंवानी पड़ी है।

ये आंकड़े 2021 की तुलना में करीब 8 प्रतिशत अधिक हैं। जेजे अस्पताल के इंटरवेंशनल स्ट्रोक न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. शशांक नागेंद्र ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक आने की वजह है सुस्त जीवनशैली, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और दिल से संबंधित बीमारियां। स्ट्रोक में दिमाग की वेसल में क्लॉट हो जाता है, जिसके चलते ब्लड की सप्लाई दिमाग के अन्य हिस्से में नहीं पहुंचती है। इससे हाथ, पैर, चेहरे पर लकवा मार देता है। गोल्डन ऑवर्स में यदि व्यक्ति आता है, तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

नायर अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. आदिल छागला ने बताया कि ब्रेन हेमरेज के लिए वायु प्रदूषण भी एक कारण है। वायुमंडल में मौजूद डस्ट हमारे शरीर में जा रहे हैं। ब्लड में ऑक्सीजन का लेवल कम हो जाता है और ब्रेन को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलता है। ऐसे में ब्रेन से ऑक्सीजन के लिए सिग्नल जाता है और बीपी बढ़ता है। जब बीपी हद से ज्यादा बढ़ जाता है, तो रक्त की आपूर्ति करने वाली नस फट जाती है और रक्तस्राव होने लगता है। पहले ब्रेन हेमरेज बुजुर्गों में होता था, लेकिन अब 30, 40 और 50 की उम्र के लोगों में हेमरेज हो रहा है। शहरीकरण, हाइपरटेंशन, एन्यूरिज्म, स्ट्रेस ब्रेन हेमरेज के कारण हैं।

# 'भुजबल को अब घर बैठ जाना चाहिए', ओबीसी नेता हरिभाऊ राठौड़ का निशाना

**मुंबईः** इस समय देखा जा सकता है कि राज्य में आरक्षण के मुद्दे को लेकर ओबीसी बनाम मराठा विवाद गरमाया हुआ है. इस बीच राज्य सरकार फिलहाल मराठा आरक्षण को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है और इसके लिए युद्ध स्तर पर कई काम किए जा रहे हैं. ओबीसी नेता और पूर्व सांसद हरिभाऊ राठौड़ ने कहा कि बिहार की तरह मराठों को आरक्षण देने के लिए कानून पारित करना असंभव है. इस बीच, हरिभाऊ राठौड़ ने हिंगोली में हुई ओबीसी की बैठक पर भी टिप्पणी की है. पूर्व सांसद और ओबीसी नेता हरिभाऊ राठौड़ ने छगन भुजबल को अब घर बैठने की सलाह दी है. कुछ दिन पहले हरिभाऊ राठौड़ ने कहा था कि मराठा आरक्षण का फॉमूर्ला मिल गया है. पूर्व सांसद हरिभाऊ राठौड़ ने कहा था कि मराठा समुदाय को 50 लाख के अंदर आरक्षण देना संभव है. सासत्याना मनोज जारांगे कह रहे हैं कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण का मुद्दा काफी जटिल हो गया है और ये लड़ाई काफी तीखी हो गई है. उस पर हरिभाऊ राठौड़ ने फामूर्ला निकाला था. भुजबल को अब घर बैठ जाना चाहिए. तुमने हमारा बहुत नुकसान किया है. आगे कोई नुकसान न करें. आप इस्तीफा दे दीजिए. हरिभाऊ राठौड़ ने भी सत्ता से बाहर होने की सलाह दी.



भुजबलसाहब, आज आपका भाषण बहुत जोरदार और तूफानी था. लेकिन पिछले 30 सालों में आपने ओबीसी का बहुत बड़ा नुकसान किया है. आपकी वजह से ही ओबीसी को प्रमोशन में आरक्षण मिला। स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में आरक्षण समाप्त हो गया है। आप हमें क्रीमिया से बाहर नहीं निकाल सके। आपने सारथी और महाज्योति के बीच अंतर किया है। घुमंतू मुक्ति के लिए कोई अलग संगठन नहीं है। मराठा समाज के छात्रों को हॉस्टल में प्रवेश मिलता है तो उन्हें सात हजार मिलते हैं, लेकिन हमारे छात्रों को कुछ नहीं मिलता. ऐसा कुछ भी नहीं है, आप सत्ता में थे, आप हर निर्णय लेने की प्रक्रिया में थे।

# मुंबईकरों के लिए राहत की सांस! बेमौसम बारिश के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ

**मुंबई :** मुंबईकरों के लिए अच्छी खबर है. मुंबई में पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही हवा की गुणवत्ता में अब सुधार हो रहा है। हालांकि मुंबई में बेमौसम बारिश ने मुंबईवासियों को परेशान कर दिया है, लेकिन इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिली है। रविवार को मुंबई उपनगरों समेत राज्य के विभिन्न स्थानों पर बारिश की मौजूदगी देखी गई. इसके चलते मुंबई में ठहरा हुआ हवा का स्तर अब अपने पुराने स्तर पर लौटता दिख रहा है।



दिवाली से पहले मेट्रो और अन्य निर्माण कार्यों और उसके बाद दिवाली के दौरान आतिशबाजी के कारण मुंबई की वायु गुणवत्ता खराब हो गई। लेकिन अब बेमौसम बारिश के बाद मुंबई की हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है. मुंबई में बीकेसी को छोड़कर सभी इलाकों में हवा की गुणवत्ता 100 से नीचे है। बीकेसी की वायु गुणवत्ता 103 पर है। मुंबई में आज भी बेमौसम बारिश की संभावना है. इसलिए, अगले तीन से चार दिनों तक मुंबई में हवा की गुणवत्ता अच्छी रहेगी।

दिवाली पर पटाखों से मुंबई की हवा खराब हो गई. लक्ष्मी पूजा के दिन खुलासा हुआ कि मुंबई में 24 घंटे के अंदर 150 करोड़ रुपये के पटाखे फूटे. इससे मुंबई में वायु गुणवत्ता का स्तर खराब हो गया था. मुंबई में वायु गुणवत्ता का स्तर 288 तक पहुंच गया था. अब मुंबई में हवा की गुणवत्ता में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

मुंबई समेत मुंबई उपनगरों में पिछले महीने प्रदूषण बढ़ गया है. हालांकि, अब बेमौसम बारिश के कारण मुंबई में हवा की गुणवत्ता नियंत्रण में आती दिख रही है। चूंकि मुंबई में हवा की गुणवत्ता दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है, इसलिए बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा निर्माण को निलंबित करने के निर्देश दिए गए थे। इसलिए दिवाली से पहले मुंबई की हवा का स्तर कुछ हद तक सुधरा।




# केईएम अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता




**मुंबई :** आमतौर पर अस्पतालों में नागरिकों और गर्भवती महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन केईएम अस्पताल में खून की जांच कराने आनेवाली गर्भवती महिलाओं को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है। केईएम की इसी कारस्तानी के कारण सुबह ८ बजे मधुमेह की जांच के लिए आनेवाली गर्भवती महिलाओं की पहली जांच सुबह ११ से ११.३० बजे के बीच होती है।

इससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में केईएम की डीन से मांग की गई है कि गर्भवती महिलाओं के खून की जांच के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से कहा गया है कि गर्भवती महिलाओं के लिए ओपीडी निश्चित दिनों पर खुला रहता है। इस दिन ज्यादातर महिलाएं जांच के लिए आती हैं। उस वक्त कुछ महिलाओं को ब्लड टेस्ट के लिए भेजा जाता है। इसलिए ब्लड टेस्ट की कतार में गर्भवती महिलाओं की संख्या अधिक होती है।

जे.जे. अस्पताल के महिला रोग विभाग में ऑपरेशन थिएटर का नवीनीकरण किया जाएगा। इसलिए सोमवार से ऑपरेशन थियेटर को बंद कर दिया जाएगा। महिला रोग विभाग के प्रमुख अशोक अनंत ने कहा कि आपातकालीन प्रसूति और अन्य महत्वपूर्ण सर्जरी के लिए बलराम भवन के प्रथम तल पर एक अस्थाई सर्जिकल थिएटर भी शुरू किया गया है। इसलिए आपातकालीन मरीज को किसी भी सर्जरी और डिलीवरी को टाला नहीं जाएगा।

# भाजपा द्वारा संविधान के साथ खिलवाड़ किया गया

## भाजपा सरकार आएगी तो आम लोगों को वोट देने के अधिकार पर भी खतरा पैदा हो सकता है - नाना पटोले

**मुंबई :** देश के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार होना चाहिए। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की यह भूमिका थी, लेकिन कुछ लोगों ने उनका विरोध भी किया। इन लोगों का यह मत था कि केवल टैक्स चुकानेवालों को ही वोट देने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन डॉ. आंबेडकर ने इसे खारिज करते हुए आम लोगों को वोट देने की शक्ति दे दी। पिछले साढ़े नौ साल में भाजपा द्वारा संविधान के साथ खिलवाड़ किया गया। २०२४ के बाद अगर भाजपा सरकार आएगी तो आम लोगों को वोट देने के अधिकार पर भी खतरा पैदा हो सकता है, यह आशंका महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने जताई है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति और मुंबई कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रभाग ने रविवार को दादर के बीएन वैद्य सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संविधान की



एक लाख प्रतियों के वितरण का शुभारंभ किया गया। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि २०१४ से देश में एक नई भूमिका प्रस्तावित की जा रही है, जो लोग तिरंगे और स्वतंत्रता दिवस का सम्मान नहीं करते उन्हें दुर्भाग्य से आज सम्मान मिल रहा है। देश संविधान से चलता है और संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। लेकिन आरएसएस और उसके संगठनों का प्रस्ताव है कि जैसे हम कपड़े बदलते हैं, वैसे ही देश का संविधान भी बदलना चाहिए। जाति-धर्म पर सबको आपस में लड़ाने वाली भाजपा का मुकाबला करने के लिए हर घर तक संविधान पहुंचाना होगा और कांग्रेस पार्टी हर घर तक संविधान पहुंचाने के कार्यक्रम करेगी। इससे पहले कार्यक्रम में २६/११ आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

## पूरे राज्य में हुई बेमौसम बारिश; बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

**मुंबई:** बेमौसम संकट के कारण किसानों के आंसुओं का बांध एक बार फिर टूट गया है. एक बार फिर मौसम ने कई इलाकों में बेईमानी की है. रात भर हुई बारिश से राज्य के कई जिलों में फसलें उखड़ गईं. पुणे, अहमदनगर, नंदुरबार, वाशिम, नासिक, नांदेड़ जिलों में बेमौसम बारिश से भारी नुकसान हुआ है। इस बीच, पुणे के अंबेगांव में ओलावृष्टि हुई है। प्याज और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है.

निफाड में भी जमकर ओले गिरे, अंगूर की फसल को भारी नुकसान हुआ है. मौसम विभाग की ओर से दिए गए पूर्वानुमान के मुताबिक आज भी राज्य में बेमौसम बारिश का अनुमान है. आज राज्य में कई स्थानों पर बिजली चमकने के साथ बारिश का अनुमान है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, हिंगोली जिले में रात के दौरान भारी बेमौसम बारिश हुई है. बादलों की बारिश से खेतों में कपास की फसल को भारी नुकसान हुआ है. ऐसे में बारिश से धान की फसल कम प्रभावित हुई है, किसानों ने खेती कर ली है कपास की फसल, लेकिन रात में हुई बारिश ने किसान के हाथ के पास आई घास को नष्ट कर दिया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से बाघ की मौत, वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर से एक घटना सामने आ रही है. यहां एक ट्रेन की चपेट में आने से एक बाघ की मृत्यु हो गयी है. चंद्रपुर जिले के किताली मेंढा के नागभीड तालुका में हुई इस घटना से वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश है। चूंकि यह पूरा मार्ग जंगल से होकर गुजरता है, इसलिए वन विभाग की ओर से वाहनों की गति धीमी रखने के निर्देश हैं। लेकिन इनका पालन ही नहीं किया जा रहा है. संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए नागपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को आज (सोमवार) दौरा करना था. यह निरीक्षण चंदाफोर्ट-नागभीड-गोंदिया रेलवे लाइन पर था. गोंदिया से रेलवे अधिकारियों को लेने चंदाफोर्ट जा रही स्पेशल ट्रेन नागभीड-तलोधी के बीच किताली-मेंढा के पास एक बाघ से टकरा गई और बाघ की मौके पर ही मौत हो गई.

## एक बार फिर भारी ट्रैफिक जाम में फंसनेवाले हैं लोग

# पाइपलाइन को बदलने का कार्य और बुलेट ट्रेन परियोजना का निर्माण

**ठाणे :** ठाणे, कल्याण और नई मुंबई के लोग एक बार फिर भारी ट्रैफिक जाम में फंसनेवाले हैं। क्योंकि अगले कुछ दिनों में कल्याण फाटा में एमआईडीसी पाइपलाइन मार्ग पर पानी की पाइपलाइन को बदलने का कार्य और बुलेट ट्रेन परियोजना का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसलिए इस मार्ग पर ट्रैफिक का अध्ययन करने के लिए, ठाणे पुलिस ने तीन दिवसीय परीक्षण के आधार पर यातायात परिवर्तन लागू किया है। यातायात में यह बदलाव २८ से ३० नवंबर तक रोजाना शाम ५.३० बजे से रात १० बजे तक रहेगा। इस बदलाव के कारण शिलफाटा और महापे मार्ग पर ट्रैफिक बढ़ने की संभावना है। बता दें कि ठाणे ट्रैफिक विभाग के डीसीपी डॉ. विनय कुमार



राठौड़ ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि कल्याण, बदलापुर क्षेत्र के हजारों वाहन चालक नई मुंबई की ओर जाने के लिए एमआईडीसी मार्ग का उपयोग करते हैं। एमआईडीसी पाइपलाइन मार्ग के दोनों ओर पाइपलाइन बिछी हुई है। ये पानी की पाइपलाइन जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है और पानी की नई पाइपलाइन बिछाने का काम एमआईडीसी द्वारा किया जाएगा। साथ ही बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए सुरंग खोदने और पिलर निर्माण जैसे काम भी किए जाएंगे। ऐसे में पानी के पाइपलाइन को बिछाने के काम में कम से कम तीन महीने और बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के काम में २० से २५ दिन लगेंगे।

इसलिए परीक्षण आधार पर यातायात में परिवर्तन किया जा रहा है। इन कामों से काफी परेशानी होने की संभावना है। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने यहां २८ से ३० नवंबर तक परीक्षण आधार पर ट्रैफिक बदलाव लागू किया है। यातायात परिवर्तन प्रतिदिन शाम ५.३० बजे से रात्रि १० बजे तक प्रभावी रहेगा। इन तीन दिनों के दौरान कल्याण फाटा से पूजा पंजाब रेस्टोरेंट तक वन-वे रूट जारी रहेगा। इससे शिलफाटा-महापे मार्ग पर यातायात जाम होने की आशंका है।

# आईपीएस अधिकारी बनकर बैंककर्मी से 35.25 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुंबई :** खुद को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अधिकारी बताते हुए एक राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मी और उसके मित्र को मनपसंद जगह परनियुक्ति दिलाने का वादा कर उनसे 35.25 लाख रुपये की रकम ऐंठने के आरोप में मुंबई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा के संपत्ति प्रकोष्ठ ने रविवार को आरोपियों गणेश शिवाजी चव्हाण (33) और मनोज कुपिंदर पवार (43) को क्रमशः चेंबूर उपनगर और नवी मुंबई में वाशी से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता एक मित्र के जरिए आरोपियों से मिला था। दोनों आरोपियों ने खुद को आईपीएस अधिकारी बताया था और दावा किया था कि केंद्र सरकार के विभागों में उनकी पहुंच है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने बैंक में मनपसंद जगह नियुक्ति दिलाने के नाम पर



शिकायतकर्ता और उसके मित्र से एक करोड़ रुपये की मांग की और पिछले चार साल में नकद एवं बैंक हस्तांतरण के जरिए उनसे 35.25 लाख रुपये लिए। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने उन्हें एक नकली नियुक्ति पत्र भी दिया था और दावा किया था कि यह नियुक्ति पत्र केंद्रीय वित्त मंत्री ने जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जब शिकायतकर्ता ने पैसे वापस मांगने शुरू किए तो दोनों ने उन्हें धमकी दी। पुलिस को संदेह है कि आरोपियों ने संभवतः इसी तरह से अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की हो और वे उनके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com